# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद फतेहपुर

**"थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार" कब्जे से 1250 रु0 बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** वादी जयकुमार पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम चंदीपुर ,बंथरा थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर द्वारा थाना जहानाबाद पर तहरीर सूचना दी कि घर से दिनांक 16.07.26 की रात्रि 01.30 बजे घर से जुडी बाउण्ड्री की मेन गेट का ताला काटकर अन्दर से कुछ अज्ञात चोरों द्वारा चार बकरे और तीन बकरिया चुरा ले जाने के सम्बन्ध, प्राप्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 111/26 धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तारी का विवरणः-** श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बिंदकी के कुशल नेतृत्व में थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 26.07.2026 को मु0अ0सं0- 111/2026 धारा 305/331(4)/ 317(2) बीएनएस की विवेचनामत्क कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त सम्भू उर्फ सम्मू पुत्र दीवान शाह निवासी मोहल्ला दारागंज थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उसके हिस्से के चोरी किए गए बकरे/बकरियों की बिक्री से प्राप्त ₹1,250/- बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक एवं विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

1. सम्भू उर्फ सम्मू पुत्र दीवान शाह निवासी मोहल्ला दारागंज थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर उम्र करीब 35 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

1. 1250 रुपये

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 योगेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष जहानाबाद जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 प्रवीण कुमार यादव
3. का0 अभिलाष
4. रि0का0 मनीष वर्मा
5. रि0का० श्याम कुंवर